आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी की मासिक पत्रिका

अनुपमा यात्रा

SINCE 1970

Anything that makes you weak physically, intellectually and spiritually, reject as poison.
...Swami Vivekananda.

वर्षः 01/ संस्करणः 01/ पृष्ठः 08/ मूल्यः 5 रूपये | भिवानी, शनिवार 10 दिसम्बर 2022 | anupama.express@ammb.ac.in

स्वर्ण जयंतीः 'सोविनियर अनुपमा' का लोकार्पण

महाविद्यालय की 50 वर्षों से की यात्रा को दर्शाते हुए 'अनुपमा सोविनियर' का विमोचन किया गया। यह सोविनियर भूतपूर्व छात्राओं के महाविद्यालय व शिक्षिकाओं के प्रति कृतज्ञता व स्नेह प्रदर्शित करते संस्मरण, आलेख, कविताएं, भूतपूर्व प्राध्यापिकाओं के लेख तथा 50 वर्षों की फोटो गैलरी लिए हुए है। सोविनियर अनुपमा को संजोने व संवारने में मुख्य सम्पादक डॉ. अपर्णा बत्रा व संपादिका डॉ. इंदु शर्मा की अह्म भूमिका रही। पत्रिका के विमोचन में मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्विद्यालय के कुलसचिव डॉ सुनील गुप्ता रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ तटस्थ रहें। बाहरी वातावरण आपको पथभ्रष्ट करेगा, लेकिन अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और आगे बढ़ें। यदि हम समाज के कल्याण में अपनी भागीदारी नहीं देते हैं तो हमारा विद्यार्थी जीवन व्यर्थ है। विद्यार्थी जीवन ही हमें सहयोग व मानवता के मूलमंत्र सिखाता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वह सकारात्मकता की कला व मानव व्यवहार को सीखें। गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कुरीतियां आपको पथभ्रष्ट करेंगी। लेकिन आप दृढ़ निश्चय एवं सच्ची मेहनत व लगन के बल पर बड़ी से बड़ी चुनौतियों को भी पार कर सकेंगे।

जिद्द पकड़लें और दुनिया बदले : डॉ. विभा

पर्यावरण का अभिप्राय अपने चारों ओर के आवरण से है जो हमें कुदरत ने दिया है लेकिन अपनी अनिश्चितकालीन जरुरतों को पूरा करने के लिए हम लगातार पर्यावरण का शोषण कर रहे है। हमने अपने कर्मों से प्रकृति को प्रदूषित किया है। आज का समय विज्ञान का है, पूरी पृथ्वी मेरा घर है। हमें विज्ञान के साथ-साथ शिक्षित होकर पर्यावरण के प्रति जागरुक होना अति आवश्यक है। यह उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में 'महिला प्रकोष्ठ' 'नवज्योति' द्वारा आयोजित विस्तार व्याख्यान में डॉ. विभा भारद्वाज, 'डायरेक्टर एनवायरमेंट लैबोरेट्रीज' ने कहे। विस्तार व्याख्यान का विषय महिला, शिक्षा और पर्यावरण रहा। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को माइक्रो ऑरगैनिज्म की विस्तृत जानकारी दी। अपने अभुतपूर्व अनुभवों को छात्राओं के साथ सांझा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नौकरी के पीछे न भागे, अपितु जो जीवन आपको मिला है, उसमें कुछ अलग करके अपने बलबूते पर अपना व अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि केवल वित्तिय संतुष्टि ही उचित नहीं होती, अपितु आत्मिक संतुष्टि का होना अति आवश्यक है। उन्होंने महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्राओं के साथ निजी मुलाकात की ओर उन्हें विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। छात्राओं को प्रेशर कूकर, पॉलिथिन व थर्मोप्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। इनसे होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। एलगल पॉलिथिन पर कर रही शोध को भी छात्राओं के साथ सांझा किया। छात्राओं को कहा कि ज्ञान को किताबों तक सीमित न रखें अपितु अत्यधिक शोधकार्यों में रूचि लें। जिसके लिए उन्होंने विदेशों से मिलने वाली विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप के बारे में भी बताया। शिक्षा एवं भाषायी ज्ञान को अपनाने के लिए भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी कहा कि मानवता के लिए जियें शिक्षा, समाज व स्वास्थ्य के लिए स्वयं जागरूक बनकर अन्य को भी जागरुक करें।

इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने हवा के खराब सूचकांक को छात्राओं के साथ सांझा करते हुए बताया कि इसी प्रदूषित पर्यावरण के कारण हमारी आयु छोटी होती जा रही है। हमें इसके प्रति जागरुक होना नितांत आवश्यक है। हमें पॉलिथिन का प्रयोग कम-से-कम करना चाहिए। यह हमारे लिए जहर के बराबर है। उन्होंने डॉ. विभा भारद्वाज का स्वागत व अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या रचना अरोड़ा ने छात्राओं को व्याख्यान के माध्यम से मिली जानकारी को ज्यादा से ज्यादा प्रसारित करने को कहा। वेस्ट मैटिरियल का प्रबंधन, ऑर्गेनिक खाद का उपयोग करने व रि-यूजेबल प्लास्टिक को उपयोग में लाने पर बल दिया। छात्राओं से अपील की वह मेहनत करके आगे बढ़े व अंधेरे से उजाले की तरफ आए। कार्यक्रम का आयोजन 'महिला प्रकोष्ठ नवज्योति' की संयोजिका डॉ. अपर्णा बत्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए महिला एवं प्रकृति का नैसर्गिक संयोग बताते हुए स्त्री शिक्षा व पर्यावरण के बारे में बताया।

राज्य स्तरीय युथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

भिवानी। हरियाणा रैडक्रॉस द्वारा उत्तर प्रदेश की पावन धरा पर वृंदावन में 1 से 7 नवंबर तक बालिकाओं का सात दिवसीय राज्य स्तरीय युथ रैडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरियाणा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 288 काउंसलर्ज एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस शिविर में छात्राओं को अपने संस्कार एवं संस्कृति से अवगत कराया गया जिसमें तुलसी विवाह का प्रदर्शन अति अवलोकनीय था। इसी के साथ छात्राओं को यातायात के नियमों, प्राथमिक चिकित्सा, रक्तदान, अंग दान, पर्सनल हाइजीन, राष्ट्रीय एकीकरण, नशा मुक्ति, महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के अलावा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण, समूह नित्य, एकल नृत्य, समूह गान आदि का आयोजन भी किया गया। साथ ही वृंदावन के पावन मंदिरों जैसे प्रेम मंदिर, रंगनाथ मंदिर, बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शन भी कराए गए। इस शिविर के कारण छात्राओं को जग कल्याण करने की प्रेरणा मिली।

आदर्श महिला महाविद्यालय से इस शिविर में छह छात्राओं (वंशिका, खुशी, सिमरन, आँचल, स्मृति, बी.एस. पद्मा) सहित प्राध्यापिका पूजा लांबा ने भागीदारी स्थापित की। प्राध्यापिका ने बेस्ट काउंसलर का अवॉर्ड प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया। इस कैंप से छात्राओं का मनोबल बढ़ा। यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के समापन पर छात्राओं के महाविद्यालय पहुँचने पर महाविद्यालय प्राचार्या रचना अरोड़ा एवं यूथ रेड क्रॉस कॉर्डिनेटर डॉ. अपर्णा बत्रा ने छात्राओं को शाबाशी देकर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने प्रशिक्षण शिविर के दौरान अपने अनुभवों को सांझा करते हुए बताया कि उन्होंने इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से बहुत कुछ सीखा। इस शिविर में उन्हें स्वास्थ्य, सांस्कृतिक गतिविधियों व सामाजिक कार्यों से संबंधित अनेकों अनेक जानकारियां दी गई।

अंतर महाविद्यालय योगा टूर्नामेंट में छात्रा पूजा बेस्ट योगी चयनित

भिवानी। योग शरीर की मुद्राओं के संतुलन के साथ-साथ मन व आत्मा को भी संतुलित करता है। योग शक्ति मनुष्य मात्र को ईश्वर से मिलाने का साधन है। भारत में योग आदि ऋषि अगस्त्य मुनि द्वारा प्रारंभ किया गया। यह उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय योगा टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि कुल सचिव चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय रितु सिंह ने कहे, उन्होंने योग के कई स्वरूप - ध्यान, प्राणायाम, हठ योगा, विक्रम योगा, पावर योगा इत्यादि के बारे में भी छात्राओं को बताया। योग के माध्यम से न केवल शरीर स्वस्थ होता है, अपितु मन में आई विभिन्न प्रकार की विसंगतियों से भी छुटकारा मिलता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वह योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। टूर्नामेंट की विधिवत् शुरुआत कुलसचिव की औपचारिक घोषणा के उपरांत हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीन स्टूडेंट वैलफेयर एंड स्पोर्टस, सी.बी.एल.यू. डॉ. सुरेश मलिक ने महाविद्यालय के संस्थापकों को नमन करते हुए कहा कि नारी के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भागीदारी आवश्यक है। खेल हमारे जीवन का अहम् हिस्सा है। कोरोना काल में योग ही रोग मुक्ति का साधन मात्र था। महाविद्यालय प्राचार्या रचना अरोड़ा ने कार्यक्रम में अतिथिगण के साथ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की कला एवं विज्ञान है। यह मन, शरीर एवं आत्मा को एक साथ लाने की विद्या है। टूर्नामेंट में एम. एन. एस. जी. सी. भिवानी, यूटिडी सी. बी. एल. यू. भिवानी, राजीव गांधी जी. सी. डब्ल्यू भिवानी, एम. एम. वी. झोझू कलां, आदर्श महिला महाविद्यालय, भिवानी, चौधरी बंसीलाल जी. सी. डब्ल्यू तोशाम महाविद्यालयों से कुल 6 टीमों ने भागीदारी स्थापित की। निर्णायकमंडल की भूमिका विरेंद्र, सुनील भारद्वाज, सुनील शर्मा, पिंकी, रेनू, अनीता और महेंद्र कोच ने निभाई। टूर्नामेंट में छात्राओं ने योग मुद्राओं में सूर्य नमस्कार, पश्चिमोत्तानासन, सर्वांगासन, धनुरासन, कर्णपीड़ासन, गरुड़ासन आदि की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 रेनू सहसंयोजिका नेहा रही। कार्यक्रम में मंच संचालन बड़े ही प्रभावी ढ़ंग से डॉ0 निशा शर्मा द्वारा किया गया। परिणाम इस प्रकार रहा- प्रथम स्थान आदर्श महिला महाविद्यालय का 810 अंकों के साथ रहा। द्वितीय स्थान पर राजीव गांधी महिला महाविद्यालय 791 अंकों के साथ व तृतीय स्थान पर एम.एन.एस. जी.सी, भिवानी 724.5 अंकों के साथ रहा। बेस्ट योगी का खिताब महाविद्यालय की छात्रा पूजा को मिला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकवर्ग सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

EDITORIAL : INDIA'S G20 PRESIDENCY : A MOMENT OF PRIDE AND POSSIBILITIES

A recent feather in India's cap is her presidency of G20 - world's premium forum for global economic cooperation which is much more inclusive and relevant than G7 as it includes both types of countries-- the developed ones and the developing / under -developed economies . With countries like US,UK,Canada, France Australia,Japan,Indiaon one side and Indonesia ,Mexico, Saudi Arabia,Africa and Brazil on the other, these countries account for more than 80% of the world's GDP, two -third of International Trade and 75% of the global population making G20 the most significant international economic forum.The forum addresses the most pressing global issues of macroeconomicstability, rationalisation of international taxation , relieving debt - burden on countries, financial stability, climate mitigation and adaptation and sustainable development while at the same time also taking care of human and humanitarian issues.Presidency of the forumis amatterof both – agreathonour and ahuge responsibility with its incumbent vast possibilities and complex challenges.

In the inaugural meeting, the Indian prime-minister hasspelt out India'sspirituality-based wonderfulhumantarianvision of 'VasudhaivKutumbkam' as India'sguiding- vision for2023 presidency:"ONE EARTH,ONE FAMILY,ONE FUTURE".The logo and theme beautifully convey India's commitment to a just and sustainable future for all in the world. It includes healing the 'One Earth'-our planet by environment- friendly lifestyles; promoting harmony within 'One Family'-the human family by makingfood,fuel, energy ,fertilizers and medicines available to all; and ensuring safe 'One Future' for humanity byencouraging positive interaction among the most powerful nations of the world on crucial issues like wars and climate-change . The presidency's agenda emphasizes the need to work together at a global level for a greener and bluer future rather than resorting to wars and fighting for survival. The greatest challenges facing the world today like climate- change,terrorism, endemics and pandemics can be resolved by supporting each other and not by fighting. India has stated: " Without peace and security our future generations will not be able to take advantage of economic growth and technological innovation" and asserted "today's Era must not be of war".Besides,there will also be a prime focus on the use of technology to formulate Digital solutions which can be implemented at a global level for creating significant meaningful

Dr. Aparna Batra
Chief- Editor

changes.The hall-mark of India's presidency vision is human- centric globalization-which can have a large-scale impact on the intergovernmental policy- formulations.The vision has the capacity to influence the new world order and set the global post-pandemic economic agenda.

The presidency is significant from India's viewpoint also as it offers India the chance to showcase to the world her often- underestimated prowess and achievements . Initially and still perceived by some as the 'land of snake-charmers', India is rising as a global giant with tirades ofprogress in Hard and Soft power-a realitywhich has not been duly noticed.With her vibrant democracy,largest-growing economy,grassroot-accessible Digital technology andgovernance, self-Reliance-'aatmnirbharta'in industry and space technology, vaccine diplomacy,strong voice in geo-political issues and so on; India has already created a niche on the international map. Now is the remarkable opportunity for India to shape the global response to the existing challenges. It is the moment for India to take initiative and transform herself from being a 'rule-taker to rule-maker'.

The significant 'Do's' for India as G 20 leader among many others are: taking lead in facilitating the multilateral cooperation in various fields of group's multi -dimensional agenda,bringing forth an indo-centric vision , strengthening India's partnership with international organisations such as IMF,WHO World BANK, WTO ,OECD , bringing the focus on anti -terrorism mechanisms including state- funding of terrorism, establishing International Institute for Regulatory Development; putting the focus onvulnerable economies and developing and under- developedcountries and obtainingco-operation of developed countries in fulfilling their responsibility and commitment to mobilize and donateannual promisedfunds . Challenges and odds galore . The times are characterized by threatening Geo-political instability – Ukraine -Russia conflict and its aftermath of food and energy crisis , China's aggressive imperialism and expansionism, North Korea's belligerence, trade-threats in Indo- Pacific region , global terrorism and in addition, impending consequences of economic decline,growing global poverty and the delay in achieving "sustainable development goals". It is indeed an arduous and mammoth task to strategize on this 'multi- dimensional crisis' and reach a general consensus.

Achieving the afore-said objectivesis a mammoth task and it asks for great political insight, diplomacy, strategizing , determination, commitment and perseverance. Notwithstanding the challenges,the moment has also brought India a historical opportunity to emerge as VISHVAGURU- establishing before the world a cherishable,worth-pursuing ideal of blendingspiritual prowess and materialistic progress for creatinga peacefulegalitarian New world with WELFARE OF ALL.Today's world badly needs ourphilosophy and wisdom: "sarvebhavantusukhinah,sarveSantuniraamaya,sarvebhadranipashyantu". Hope and pray that India will be able to render her best contribution to the world!Amen!

'इतिहास के झरोखे से' : 'गुरुद्वारा नाड़ा साहिब'

बबीता चौधरी
प्रवक्ता-इतिहास विभाग

भारत कि पहचान एक आध्यात्मिक देश की है। भारत देश में हर किसी को अपना धर्म मानने का पूर्ण अधिकार है। पूरे भारत मे सभी धर्म के हजारों-लाखों धार्मिक स्थान हैं। ये सभी धार्मिक स्थान भारतीय ऐतिहासिकता का भी प्रमाण है कोई भी मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद या चर्च किसी ना किसी रुप में भारतीय इतिहास से जुड़े हैं।

नाडा साहिब गुरुद्वारा भी अपना ऐतिहासिक महत्त्व रखता है। यह एक सिख संग्रहालय भी है। जो सिख इतिहास को प्रदर्शित करता है। गुरुद्वारे में प्राचीन चित्र, उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियार और उनकी पांडुलिपियों को प्रदर्शित किया गया है। गुरुद्वारा शिवालिक की तलहटी में 'घग्गर-हाकड़ा' नदी के तट पर पंचकूला मे स्थित है।

सिखों के दसवें गुरु 'गुरु गोविंद सिंह जी' 1688 ई0 मे भंगानी की लड़ाई के बाद पांवटा साहिब से आनंदपूर की यात्रा करते हुए यहां रुके थे। भंगानी का युद्ध गुरु गोबिंद सिंह की सेना और बिलासपुर के भीमचंद के बीच 18 सितंबर 1688 को पांवटा साहिब के पास लड़ा गया था। यह गुरु गोबिंद सिंह जी की पहली लड़ाई थी। इस समय उनकी आयु 19 वर्ष की थी। युद्ध में गुरु जी की सेना की जीत हुई। गुरु जी ने कभी विजित क्षेत्र पर कब्जा नहीं किया। युद्ध के बाद वे अपनी सेना और अनुयायियों के साथ इस स्थान पर रुके थे। निकटवर्ती गांव के नाडुशाह लूबाना ने उन्हें और उनके अनुयायियों को भोजन और दूध दिया। नाडुशाह ने अपने सामर्थ्य से अधिक सेवा की गुरु जी ने उनकी सेवा से प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया कि यह स्थान भविष्य में चिरकाल तक तुम्हारे नाम से जाना जाएगा। यह स्थान तब तक अस्पष्ट बना रहा जब तक कि पास के एक ग्रामीण भाई भोथा सिंह ने नाड़ा साहिब के पवित्र स्थान की खोज नहीं की और उसने गुरु गोबिंद सिंह जी की यात्रा को यादगार बनाने के लिए एक मंच तैयार किया। इस मंच के चारों तरफ एक विशाल इमारत का निर्माण गुरु जी के अनुयायियों के द्वारा कर लिया गया है जो गुरूद्वारा नाडा साहिब के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक महीने कि पूर्णिमा को यहाँ मेला लगता है। इस गुरुद्वारे में देश-विदेश से सिख अनुयायी माथा टेकने आते है। यह गुरुद्वारा भारतीय इतिहास की महान् धरोहरों में आता है जो हमारी श्रद्धा और संस्कृति को प्रदर्शित करता है।

Minimum Legal Age of Marriage for Women being raised to 21 Years : Pros and Cons.



The government of India has proposed raising the minimum Legal age of Marriage for women from 18 to 21 Years. Currently, the minimum legal age for women to marry is 18 years; for men, the corresponding age is 21 years. A bill to formalize such a legal change was presented in the Lok Sabah on 21 December. However after resistance from the opposition parties, it was sent to a parliamentary panel for further evaluation. Proponents of increasing the marital age for women argue that currently, several girls are forced to drop their studies for marriage and increasing the minimum legal age required to marry to 21 would give them time to peruse their studies and opportunity to pursue higher education. Another contention is that of pregnancies in early teenage girls heighten the possibility of high blood pressure anemia and mental health problems. This is why raising the age of marriage for girls could help decrease the maternal mortality rate.

On the other hand, opponents of the change argue that child marriages are rife in India at Present in spite of the same being barred law, the proposal is that some girls from especially conservative, regressive and patriarchal families escape their families clutches by choosing to marry a person of their choice after turning 18 years old. As a result of the proposed legal amendment, girls belong to Socio-economically weak families are forced into child marriages and providing them financial support, especially for pursuing education, with automatically raise the age of marriage among women.

Sanju B. com.I 3421

Is PCOS Reversible ? – Yes in view of Ayurveda

Dr. Shefali Rakheja
BAMS, MD, CRAV,

Poly cystic ovarian Syndrome is the most common hormonal disorder in females of reproductive age. It is a condition in which elevated level of androgens prohibit follicle from developing in to mature eggs leading to an adulatory period and irregular menstruation.

Causes-

The exact reason is unclear, still there are theories that play the role.

1. High androgen level- It is male harmone although all women secrete small level. Higher than average amount of androgen in woman can prevent ovaries from producing an egg during every menstrual cycle & may trigger extra hair growth in male pattern and acne.

2. High Insulin level- Insulin is harmone responsible for regulation of your consume food converted into energy. Many womn with PCOS show insulin resistance, particular these who are obese or over weight, have unhealthy eating habits, don't do physical exercise and have a family record of diabetes.

Symptoms-

1. Period Iggregularity- The absence of ovulation presents seeding of endometrium layer (uterine inner lining) every month. Resulting in less than 8 cycle per year.

2. Severe Bleeding- The lining of uterus is thicken than average due to unshedding at regular intervals hence longer interval of bleeding occur.

3. Hair growth- Women develop male pattern hair growth due to high androgen level like face hair, hair over breasts. The condition is called Hirsutism.

4. Acne- The skin breakouts in area such as face, chest, back due to high male harmone.

5. Weight gain- About 80percent of female with PCOS gain weight.

6. Difficulty in conceiving – Malory of females with PCOS suffer from infertility.

7. Anxiety & depression- Variation in harmones leads to anxiety & depression.

Ayurvedic Management of PCOS- Ayurvedic applies a holistic approach and personalized treatment based on prakriti of the patient eliminating the root cause of the disorder & bring balance to the body.

Primary treatment of PCOS include- Life style modification & medication.

Ayurvedic treatment of PCOS follows following protocol.

Body detoxification- with the help of panchkarma excess toxins increased levels of harmones are flushed from the body.

Strengthening & revitalizing the reproductive system of female with medicines such as kanchnar, Shatavari, Shatpushpa etc. Which helps to grow egg naturally & dissolution of the formed cysts.

Obesity, insulin resistance and reversal of hormonal imbalance by dietary & life style modification. In most cases PCOS can be treated well & reversed with proper medication, dietary & life style changes.

मैंने अपने बचपन में बहुत कम फिल्में ही देखी हैं। छोटे होने के कारण हमें उनका अर्थ भी पता नहीं चलता था। परंतु बड़े होने पर हमारे पास स्वयं का फोन आ गया और फिल्मों का ढेर लग गया । परंतु घर में एक टी0वी0 सबके साथ लड़ते- झगड़ते फिल्म देखने का अपना ही मजा होता था। मैंने अपने स्कूल में सब दोस्तों व सहपाठियों के साथ एक बार फिल्म देखी,

जिसके साथ हमारे अनेकों अनुभव जुड़े हुए हैं। हमने प्रोजेक्टर की सहायता से स्कूल में 'तारे जमीन पर' नामक फिल्म देखी। प्रोजेक्टर हमारे लिए आश्चर्यों से भरा डिब्बा था। उससे निकलती रोशनी से सफेद पर्दे पर बनने वाली आकृतियाँ हमें उस समय जादू-सी लगती थी। हमने स्कूल में उस फिल्म को देखा जिसके साथ मेरे अच्छे बुरे, खुशी व दुख से भरी काफी यादें जुड़ी हैं। फिल्म की शुरुआत में हम काफी खुश थे। फिल्म एक बच्चे के आस-पास घूम रही थी। जिसका नाम ईशान श्रीवास्तव था। वह पढ़ाई में कमजोर था । एक बार उसने स्कूल से बहार जाने का निश्चय किया। जब ईशान बाहर घूम रहा था, हमारे मन में विचार आने लगे, क्या ये घर वापस जाएगा ? यह गुम तो नहीं हो गया है? कोई इसका अपहरण न कर ले, ऐसे विचार मेरे दिमाग में भी दौड़ रहे थे। फिल्म के ऐसे दृश्य देखकर हम सब की आँखों में आँसू आने लगे। तब फिल्म में अभिनेता (अमीर खान) का आगमन हुआ जो एक अध्यापक थे। हमने उस फिल्म में अपनी पुरानी शिक्षा नीति की झलक भी देखी जिसमें बच्चों को सब कुछ रटवाया जाता था। 'देखो देखो, क्या वो पेड़ है या खड़ा कोई चादर ओढ़े' यह गाना हम सब बच्चों का मन पसंद बन गया। उस सफेद चादर को हम लगातार घूर रहे थे। अमीर खान जी ने फिल्म में जिन-जिन उपायों से ईशान की मदद की, वे हमारे लिए प्रेरणादायक बन गए। उस समय मन ही मन मैंने भी निर्णय लिया कि मैं बड़ी होकर एक ऐसी ही अध्यापिका बनूँगी। उस फिल्म में जो भी मैंने देखा उससे मुझे यह शिक्षा मिली की कि हर व्यक्ति का जीवन में अपना अलग मंच होता है जहाँ वहाँ अपने आप को मजबूत व आत्मनिर्भर समझता है। फिल्म के अंत में हमने ईशान व उसके अध्यापक (अमीर खान) को चित्र बनाते हुए देखा। जिस प्रकार ईशान व उसके अध्यापक चित्र बना रहे थे, हमे काफी अच्छा लगा। जब हमने ईशान के गणित के अध्यापक का चित्र देखा तो हम सब बच्चे हँसने लगे थे। फिल्म खत्म होने के बाद हम सब उदास हो गए थे क्योंकि हम उसे और देखना चाहते थे। मुझे इस फिल्म व अपने अनुभव से यह पता चला कि जो बच्चे बोलकर या लिखकर नहीं व्यक्त कर सकते उसे चित्र के माध्यम से व्यक्त किया जा सकता है। मैं छोटे बच्चों की चित्रकला से काफी खुश होती हूँ तथा अध्यापक दिवस पर हम बच्चों से चित्र बनवाते थे। आज हम फिल्मी जगत से काफी जुड़े हुए हैं, परंतु उस समय उस फिल्म का देखना मेरे लिए जीवन का सबसे अच्छा व यादगार अनुभव था जिसे मैं सदैव याद रखूँगी।

आरती
बी.ए. प्रथम वर्ष, 107

गाजर की कांजी रेसिपी:

वैसे तो कई घरों में होली के अवसर पर कांजी बनाई जाती है। कांजी हेल्थ के लिए काफी न्यूट्रीशियस होती है। तो आइए हम आपको बनाते जा रहे है गाजर की कांजी की आसान सी रेसिपी जिसे आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं। इसे आप सिर्फ 20 मिनट में तैयार कर सकते हैं।गाजर की कांजी बनाने के लिए सामग्रीः काली गाजर, सरसों के बीज का पाउडर, नमक की जरूरत होती है। गाजर को उबालने के बाद इसमें मसाले मिलाएं जाते हैं फिर इसे धूप में रखा जाता है।

गाजर की कांजी की सामग्री

250 ग्राम गाजर
6 कप पानी
3 टी स्पून सरसों के बीज का पाउडर
2 टी स्पून नमक

गाजर की कांजी बनाने की विधि

1. सबसे पहले गाजर को छील लें और उन्हें कढ़ीब एक उंगली के बराबर काट लें।
2. फिर पानी को उबालकर उसमें कटी हुई गाजर को पकाएं और पकने के बाद ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
3. इसके बाद इसमें नमक और सरसों का बीज का पाउडर डालकर एक जार में डालकर थोड़े टाइम के लिए धूप में रखें।
4. बन जाने के बाद इसे सर्व करें।

नोटः- राई का पानी खट्टा होने में 2-4 दिन लगते हैं यह मौसम पर निर्भर करता है। एक बार जब राई का पानी खट्टा हो जाए तो इसे फ्रिज में रख दें। आप इसको फ्रिज में 4-5 दिन तक रख सकते हैं। **रिचा आर्या**

Lakhmichand: Kalidas of Haryana

After many years we are able to watch something really informative in regional cinema. It is one of the best movies I have ever watched. Pandit Lakhmichand is considered Surya Kavi of Haryana. Lakhmi Chand Ragnis are so melodies and full of knowledge that after listening to them no other song seems good. It was result of great efforts put in by Yashpal Sharma who brought this Haryanavi legend on big screen by sheer hardwork of 6 years. The direction is indeed a masterpiece. The film went a bit slow which made it more attractive. All the characters have done a fantastic job. Songs are composed very wisely and sung melodiously. A Biography can not be created so perfectly. Waiting for its sequel.

Vanshika Gaur, B.A-II(1004)

Question & Answer

1.Dead sea is located between which two countries?
2.Where is the Chinnar wildlife sanctuary situated?
3.Which Vitamin help in the cotting of blood?
4. Who built the konark Sun Temple?
5.Name an alloy of Mercury?
6. Which state is the oldest producer of oil?
7.Name one non metallic minera?
8.Who is the author of "Home and the World"
9. Which of the following city is known as the Manchester of south India?
10. Who won the FIFA world cup Qatar 2022?

1. Jordan & Israel **2.** Kerla **3.**Vitamin-K **4.** Narshimadeva 1 **5.** AMALGAM **6.** ASSAM **7.** Limestone **8.** Rabindranath Tagore. **9.** Coimbatore (Tamil Nadu) **10.** Argentina

धैर्य और मेहनत: सफलता की निशानी (मैडम गीता रानी)

वैसे तो आए दिन बहुत सी फिल्में प्रकाशन में आती हैं। मैंने हाल ही में एक फिल्म देखी 'सी गौतमराज' द्वारा निर्देशित 'मैडम गीता रानी' जो कि 2020 में प्रकाशित हुई थी। इस फिल्म में गीता रानी, रामलिंगम, सुशीला, कलेक्टर के रूप में मैथ्यू वर्गीज, राजनेता के बेटे के रूप में यासर आदि मुख्य पात्र हैं। यह फिल्म एक प्रधानाध्यापिका के बारे में है, जो खराब चल रहे स्कूल को राज्य के सर्वश्रेष्ठ में से एक में बदल देती है। लेफ्टिनेंट कर्नल गीता रानी भारतीय पेशे से एक प्रशिक्षक हैं। जब उसे एक खराब कार्यशील सरकारी स्कूल के बारे में पता चला, तो गीता रानी ने स्कूल की स्थिति को सुधारने के लिए स्कूल की प्रधानाध्यापिका का पद संभालने का फैसला किया। अब आप लोगों के मन में एक प्रश्न उभरकर सामने आया होगा कि भारतीय सेना में ऊँचे पद पर होते हुए भी उन्होंने एक छोटे से सरकारी स्कूल की प्रधानाध्यापिका बनने का फैसला क्यों किया। इसका कारण यह था कि जब वह एम.एस.सी. कर रही थी तब उनके साथ ही एक लड़का भी एम.एस.सी. कर रहा था। दोनों ने एक-दूसरे से शादी करने का फैसला किया था। लेकिन एक सड़क दुर्घटना के दौरान उस लड़के की मौत हो गई। इसलिए गीता रानी ने उसी स्कूल में जाने का फैसला किया, जहाँ से उस लड़के ने अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की थी। इस फिल्म में दिखाया गया है कि गीता रानी के आने से पहले सरकारी स्कूल के बच्चे जाति के नाम पर एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते थे, मारपीट करते थे। उनके अध्यापक चुप-चाप खड़े-खड़े तमाशा देखते थे। इस फिल्म को देखकर मुझे महसूस हुआ कि अमीर लोग अपनी शान-शौकत को ओर ऊँचा दिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। जैसा की मूवी में दिखाया गया हैं, रामलिंगम नाम का राजनीतिज्ञ अपने स्कूल को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए हर एक तरकीब अपनाता है, लेकिन सफल नहीं हो पाता। गीता रानी के आने के बाद स्कूल में सभी अध्यापक बच्चों को अच्छे से पढ़ाते हैं और उनको सही शिक्षा भी देते हैं। ये मूवी बहुत प्रेरणादायक है। इससे पता चलता है कि अध्यापक ही हर एक बच्चे की जिंदगी बिगाड़ भी सकता है और बना भी सकता है। हम कह सकते हैं कि अध्यापक हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी है। इस मूवी में एक ओर बात भी उभरकर सामने आती है अगर आपके पास धैर्य है तो आपको अपने काम में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। गीता रानी सभी स्त्रियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

सोनिका, बी.ए. प्रथम वर्ष(171)

How Fashion rules the world (Positively)

In 21st Century the style of fashion industry dominate the world than it ever did. Fashion is just not about dresses, clothing but it also includes:- Home décor, Makeup, Kitchen appliance. Now a days fashion is bold and daring and it reflects our generation is not afraid to say what they think or wear what they want 'Fashion'. The term fashion is also has its benefits and drawback these days fashion, Style is going on trendy. However being dressed is not bad. As I told you or as we know every coin has two sides. Fashion is enhancing confidence in people if you are wearing 'a good pait of boots and those sexy suit' you will automatically feel confident, positive and hopeful. Other people will find you attractive and will give you attention and opportunity in compare to those who remain under dressed. Like everybody saying or says firstly people will judge you by your dress sense after they will think about your skill, expertise. It's not bad. For example when guest come to our home we do set and décor our home for impacting a good and positive effect on them. Likewise we should décor ourself but it also has drawback that is some people are more capable but they are not able to expose or show them in a fancy way so they get back behind those people who know a good fashion sense

'Style is a way to say
Who you are without
Having to speak'.....

Latika, M.A Ist(5035)

प्रकृति पुरुष – सुमित्रानंदन पंत

सुमित्रानंदन पंत का जन्म हिमालय के अंचल में बसे खूबसूरत उत्तराखंड के कौसानी गांव के ब्राह्मण परिवार में 20 मई 1900 की सुनहरी सुबह में हुआ था। पंत की माता जी इन्हें जन्म देते ही स्वर्ग लोक चली गई। प्रकृति इस निर्मम आघात को सह न पाई और स्वयं का आँचल फैला पंत की माँ स्वरुपा बन गई। स्वयं पंत के मुखमंडल से निकले ये शब्दः-

'माँ से बढ़कर रही धात्री
तू बचपन में मेरे ही
धात्री कथा रुपक भर, तूने किया जनक बन पोषण
मातृहीन बालक के सिर पर, वरदहस्त धर गोपन'

आर्थिक रूप से पंत का परिवार सुदृढ़ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा कौसानी में ही हुई। उसके पश्चात हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए इन्होंने अल्मोड़ा में दाखिला ले लिया। 'पूत के पैर पालने' दिख जाते है। इस उक्ति को उन्होंने मात्र 10 वर्ष की अवस्था में ही चरितार्थ कर दिखाया जब उन्होंने स्वयं का नाम गोंसाई दत्त से बदलकर सुमित्रानंदन पंत रख लिया। चौथी कक्षा में एक बार इन्होंने नेपोलियन की एक तस्वीर देखी, जिसमें इन्होंने उनके लम्बे बालों के प्रति खुद को आकर्षित पाया। जिसका परिणाम आजीवन इनके लम्बे केशो के रुप में दिखा। बचपन में ही इन्होंने हारमोनियम, तबला जैसे वाद्य यंत्रों को बजाना सीखा और सोने पर सुहागा तब बना जब स्वरचित गीतों, कविताओं और कहानियों को संगीत की धारा संग समन्वित कर दिया। अपनी उच्च शिक्षा के लिए इन्होंने प्रयाग के सैन्ट्रल कॉलेज में दाखिला लिया। वहीं पर पढ़ते-पढ़ते ये कवि सम्मेलनों में भी भाग लेने लगे। नजाकत, कोमलता, मधुरता और नरमी का जैसा संयोग इनके व्यक्तित्व में था वहीं इनकी कविताओं में भी उतर आया। जीवन के प्रारम्भिक वर्षों में इन्होंने स्त्रीलिंग में कविताएँ लिखी, क्योंकि इनका मानना है कि स्त्री धरा पर ईश्वर की सर्वोत्तम, पावन, संवेदना पुंज रचना है। ये कहते हैं कि समाज का, राष्ट्र का यहाँ तक कि धरती का विकास तभी संभव होगा, जिस दिन स्त्री, इस धरा पर स्वतंत्र विचरण करेगी। उसे किसी प्रकार का भय न रहेगा। नारी अपने शील से, सौम्यता से, मानव को मानव बनाती है, इन्होंने प्रकृति को माँ, बहन, बेटी, प्रेमिका प्रत्येक रुप में देखा है। पंत का समस्त काव्य स्वीकार का काव्य है, उसमें नकार का भाव कहीं नहीं दिखलाई पड़ता है। फिर यह स्वीकार चाहे ग्राम्य रमणीयता हो, चाहे शहरी सभ्यता, चाहे कृषक, मजदूर का स्वीकार्य हो, चाहे वैज्ञानिक का। यह स्वीकार एक तरफ भौतिक का है, वहीं दूसरी ओर अध्यात्मवाद का भी।

डॉ. ममता चौधरी
सहायक प्रवक्ता हिंदी

आह! कितना अद्भुत है यह प्रकृति प्रेम। इनके समस्त काव्य पर प्रकृति की छटा बिखरी है, नदी, पेड़, पहाड़, बादल, झरने, पत्ते, पुष्प, आसानी से इसमें समाये दिखते हैं। तभी पंत प्रकृति पुत्र, सुकुमार कहलाए-

'वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान'

इनकी धारणा है कि संसार की समस्त विषमताएं मिलकर, समता में बदल जाएं ताकि यह संसार मानवीय हो जाए। इस धरती पर प्रत्येक संबंध फिर चाहे वह मनुष्य-मनुष्य का हो, स्त्री-पुरुष का हो, प्रकृति-मानव का हो, स्थूल-सुक्ष्म का हो सभी में एक संतुलन बन जाए। अगर ऐसा हो जाए तो यह धरती यहीं स्वर्ग बन जाए। तभी इनके शब्द आज भी गुजायंमान हैः-

'जीना अपने ही में
एक महान कर्म है,
जीने का हो सदुपयोग
यही मनुज धर्म है।'

Presentation on Scientists' Biography

Department of Physics organized a presentation on Biography of Scientists . Eight students from B.Sc and 3 students from M.Sc actively participated in the competition under the supervision of Dr. Nisha Sharma (Associate professor in physics). Students threw light on the biographies of renowned scientists Dr. APJ Abdul Kalam, Sir C.V Raman, Stephen Hawking, Sir J.C Bose , Satyendra Nath Bose etc. Among all Neha from M.Sc (1st) and Rekha for B.Sc (3rd) got selected for delivering the best speech. The event was attended by Dr. Indu Vashistha, Dr. Ankita Gupta, Ms. Sujata Sharma and Ms. Deepika Sharma from the department of Physics.

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेताओं को मिला सम्मान

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बी.एस.सी तृतीय वर्ष की छात्राएं अंजलि, पुष्पा व रिचा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रबंधकारिणी समिति व प्राचार्या रचना अरोड़ा ने साइंस सोसायटी की इंचार्ज डॉ. दीपू सैनी, मेघा एवं विजेता छात्राओं को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

टैली सॉफ्टवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

वाणिज्य विभाग में कंप्यूटर विभाग द्वारा टैली सॉफ्टवेयर पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्या रचना अरोड़ा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभागाध्यक्ष नीरू चावला के निर्देशन में संयोजिका डॉ. सुचेता सोनी द्वारा किया गया । जिसमें राजीव गांधी से प्रशिक्षिका अनीता शर्मा ने छात्राओं को प्रथम दिन टैली सॉफ्टवेयर चलाने की लिए पूर्ण प्रक्रिया समझाई। साथ ही छात्राओं के प्रश्नों का भी बड़ी सुगमता से उत्तर दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षिका अनीता शर्मा ने छात्राओं को टैली सॉफ्टवेयर को समझाते हुए छात्राओं से प्रैक्टिकल कार्य करवा कर देखा। जिसमें छात्राओं ने बड़ी सूझबूझ के साथ कार्य करके दिखाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या रचना अरोड़ा ने प्रशिक्षिका को पौधा स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट कर उसका अभिवादन किया और वाणिज्य विभाग की समस्त टीम को कार्यशाला के आयोजन पर बधाई दी।

संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित

प्राचार्या रचना अरोड़ा, निर्देशिका डॉ. अरुणा सचदेव के मार्गदर्शन में तथा विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन के निर्देशन में 'संस्कृत साहित्य-परिषद्' की ओर से संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय वंदना के साथ किया गया।

तत्पश्चात् छात्राओं ने मधुराष्ट्रकम्, देवी-स्तुति, गीता श्लोक, सूर्याष्टकम्, अच्युताष्टकम् शिव ताण्डव, श्रीकृष्णाष्टकम् तथा नीतिप्रदश्लोक आदि का उच्चारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका मंजू जैन, डॉ. रचना, कुमुद ने निभाई। इसमें बी.ए. प्रथम वर्ष की ट्विंकल ने पहला, बी.ए. तृतीय वर्ष की आकांक्षा ने दूसरा तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की सोनिया ने तीसरा स्थान व बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा पूनम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया इस अवसर पर विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए कहा। इस अवसर पर नीतिज्ञा व कुमारी संगीता तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

छात्राओं को रोजगार के नए आयामों से करवाया अवगत

वाणिज्य विभाग की भूतपूर्व छात्रा पारुल मित्तल ने करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तहत तृतीय वर्ष की छात्राओं को रोजगार के नए आयामों से अवगत करवाया। छात्रा ने डाटा साइंटिस्ट व डाटा एनालिस्ट की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को दी। जिसमें उसने बताया कि डाटा एनालिस्ट बनने के लिए हमें कोडिंग भाषा का ज्ञान अवश्य होना चाहिए। यह भी बताया कि इस रोजगार के माध्यम से हम आसानी से घर बैठे कमा सकते हैं।

एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग के बाद किया पौधारोपण

एनसीसी सप्ताह के उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पोस्टर मेकिंग व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रचना अरोड़ा ने कैडेट्स को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी और उन्हें क्राइम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अभिप्रेरित किया।

डॉ. मधु मालती हुई सेवा-सम्पन्न

आदर्श महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 मधु मालती अपनी चौंतीस वर्षों की सेवा के पश्चात् दिनांक 30 नवम्बर 2022 को सेवा सम्पन्न हुई। महाविद्यालय की ओर से उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। सभी ने उनके वैदुष्य उनके विनम्र व्यवहार की प्रशंसा की। अपने सेवा काल में डॉ. मधु मालती ने छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित करने के साथ साहित्यिक गतिविधियों के लिए तैयार किया। व्यक्तित्व निर्माण के लिए भाषा, उच्चारण, अभिव्यक्ति को अनिवार्य मानने वाली डॉ. मधु मालती की अनेक शिष्याएँ प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले युवा उत्सव में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करती रही है। उनकी शिष्याएँ उन्हें वाद-विवाद, भाषण एवं काव्य-प्रतियोगिताओं के लिए विशेषज्ञ मानती हैं। वे नारी-शिक्षा के लिए समर्पित अपने महाविद्यालय के उद्देश्यों को अपना आदर्श मानती हैं। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक के साथ हिंदी साहित्य में एम.ए., एम.फिल., पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त डॉ. मधु मालती सामाजिक सरोकारों से भी निरंतर सम्बद्ध रही हैं। उन्होंने नगर एवं बाहर की साहित्यिक संगोष्ठियों, सम्मेलनों और आयोजनों में मुख्य वक्ता एवं निर्णायक की भूमिका में सदैव सहयोग दिया। इस अवधि में उन्होंने विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में दो दर्जन से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए। एक दर्जन से अधिक सभाओं ने हिंदी सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने मॉरीशस, फ्रांस, स्विटजरलैंड, जर्मनी इत्यादि देशों की भी शैक्षणिक व सांस्कृतिक यात्राएँ की तथा वहाँ की संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए। 2016 में उन्हें हिंदी भाषा साहित्य की सेवा और संवर्द्धन के लिए हिंदी साहित्य अकादमी मॉरीशस द्वारा सम्मानित किया गया। जून 2017 में उन्होंने हैम्बर्ग विश्वविद्यालय जर्मनी में अपना शोधपत्र प्रस्तुत कर सम्मान प्राप्त किया। 2022 में उन्हें राष्ट्रभाषा सेवा के लिए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। डॉ. मधु मालती गद्य रचनाओं के साथ कविताएँ भी लिखती हैं। हरियाणा की महिला रचनाकारों के काव्य संग्रह 'अनुगूँज' में इनकी रचनाएँ संकलित हैं।

डॉ0 रमाकांत शर्मा
सहायक प्रोफेसर(हिंदी विभाग)

मतदाता जागरूक सेल ने किया छात्राओं को जागरूक

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार मतदाता जागरूक सेल द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं को मतदाता कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान जिन छात्राओं की आयु 01/01/2023 तक 18 वर्ष होगी या उससे अधिक होगी, उन छात्राओं को फॉर्म नं0 6 भरने के लिए दिया गया ताकि वोटर कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सुचारु रुप से प्रारंभ किया जा सकें और अधिक से अधिक छात्राएं मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें। शिविर का शुभांरभ महाविद्यालय प्राचार्या रचना अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को मतदान का महत्त्व समझाया , वोट बनवाने के लिए तथा मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

